**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)


**NEWS CLIPPING:02.04.2022**

# AAJ SAMAJ

सराहनीय

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के इंजीनियर्स ने बनाया ऑल टरेन व्हीकल

# टीम एसएई इंडिया बाहा सीरीज के 15वें संस्करण में लेंगी हिस्सा

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विद्यार्थियों द्वारा डिजाइन एवं विकसित ऑल टरेन व्हीकल (सभी तरह के मैदानों पर चलने में सक्षम वाहन) को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया। यह वाहन एसएई इंडिया 2022 इवेंट के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के 20 छात्रों की मैकनैक्सट रेसिंग टीम द्वारा तैयार किया गया है। एसएई इंडिया बाहा सीरिज के 15वें संस्करण का तीसरे चरण 6 अप्रैल से नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नैट्रैक्स), पीथमपुर में आयोजित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो एसके तोमर ने इस ऑल टेरेन वाहन का अनावरण किया। कुलपति प्रो. तोमर ने वाहन के सफल निर्माण के लिए टीम के सदस्यों को बधाई दी और संकाय सदस्यों तथा छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

कुलपति प्रो तोमर ने टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को सही मायने में इंजीनियरिंग के कौशल सीखने का अवसर प्रदान करते है तथा यह विद्यार्थियों की इनोवेशन का एक अनूठा उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से वाहन से संबंधित तकनीकी जानकारी भी हासिल की।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार तथा कुलसचिव डॉ एसके गर्ग ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रो. राज कुमार ने कुलपति को विद्यार्थियों के विभिन्न उपलब्धियों से भी अवगत करवाया।

इस प्रोजेक्ट में विद्यार्थियों के मार्गदर्शक रहे मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ0 निखिल देव ने बताया कि टीम इवेंट में अपने अवसरों को लेकर बेहद सकारात्मक है। प्रतियोगिता में देशभर से सभी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों तथा इंजीनियरिंग संस्थानों की टीमें हिस्सा लेंगी तथा यह टीम के लिए काफी चुनौतिपूर्ण रहेगा।



कुलपति प्रो एसके तोमर मैकनैक्सट रेसिंग टीम के साथ।

उन्होंने बताया कि नया एवीटी वाहन में हल्का इंजन तथा कस्टमाइज गियर बॉक्स लगा है। वाहन का वजन लगभग 148 किलोग्राम है तथा वाहन को इस तरह से तैयार किया गया है कि इसके चारों पहिये वाहन को गति प्रदान करते है। हालांकि वाहन में परिस्थिति के अनुसार टू-व्हील ड्राइव सिस्टम का विकल्प भी है, जिससे वाहन द्वारा केवल दो पहियों को गति मिलेगी। इसके साथ-साथ वाहन 45 डिग्री की खड़ी चढ़ाई व सीढियों पर चढने में भी सक्षम है और लगभग तीन से पांच फुट की ऊंचाई से सीधा नीचे मैदान पर आसानी से आ सकता है। जिससे वाहन या चालक को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचती। वाहन के निर्माण पर लगभग 7.6 लाख रुपये की लागत आई है, जिसे विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत से लगभग नौ महीनों की समय अवधि में पूरा किया है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को लेकर विद्यार्थी काफी उत्साहित है। वाहन के परीक्षण एवं अन्य तैयारियां पूरी कर ली गई है और उम्मीद है कि विद्यार्थी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**NEWS CLIPPING:02.04.2022**

# AMAR UJALA

## इंजीनियर छात्रों ने हर मैदान पर चलने में सक्षम वाहन बनाया



फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) के विद्यार्थियों ने हर जमीन पर चलने वाले वाहन बनाए हैं। विद्यार्थियों द्वारा डिजाइन एवं विकसित ऑल टरेन व्हीकल (सभी तरह के मैदानों पर चलने में सक्षम वाहन) का प्रदर्शन विवि में किया। यह वाहन एसएई इंडिया 2022 इवेंट के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के 20 छात्रों की मैकनैक्सट रेसिंग टीम द्वारा तैयार किया गया है। एसएई इंडिया बाहा सीरीज के 15वें संस्करण का तीसरे चरण छह अप्रैल से नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नैट्रैक्स), पीथमपुर में आयोजित होगा। सहायक प्रोफेसर डॉ. निखिल देव ने कहा कि वाहन में परिस्थिति के अनुसार टू-व्हील ड्राइव सिस्टम का विकल्प भी है। वाहन लगभग तीन से पांच फीट की ऊंचाई से सीधा नीचे मैदान पर आसानी से आ सकता है। इसके निर्माण पर लगभग 7.6 लाख रुपये खर्च हुआ है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:02.04.2022**

## HADOTI ADHIKAR

# परीक्षा पर चर्चा को विद्यार्थियों ने सराहा

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 1 अप्रैल। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा को आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में विद्यार्थियों द्वारा काफी सराहा गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षाओं से पूर्व विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने के लिए प्रेरित करना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज परीक्षा पर चर्चानामक एक विशेष संवाद सत्र के माध्यम से कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए इस कार्यक्रम के प्रसारण को देखने के लिए विशेष रूप से व्यवस्था की गई थी। विद्यार्थियों ने परीक्षाओं के दौरान तनावमुक्त रहने को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये वक्तव्य को न केवल सुना बल्कि काफी प्रशंसा भी की।

**NEWS CLIPPING:02.04.2022**

# HINDUSTAN

# छात्रों ने बनाया खास तरह का वाहन

- जे.सी. बोस के छात्रों का बेहतरीन प्रयास
- सभी तरह के मैदानों पर चलने में सक्षम होगा

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विद्यार्थियों द्वारा डिजाइन एवं विकसित ऑल टरेन व्हीकल (सभी तरह के मैदानों पर चलने में सक्षम वाहन) को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया। यह वाहन एसएई इंडिया 2022 इवेंट के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के 20 छात्रों की मैकनैक्सट रेसिंग टीम द्वारा तैयार किया गया है।

एसएई इंडिया बाहा सीरिज के 15वें संस्करण का तीसरे चरण 6 अप्रैल से नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नैट्रैक्स), पीथमपुर में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने इस ऑल टेरेन वाहन का अनावरण किया। कुलपति ने वाहन के सफल निर्माण के लिए टीम के सदस्यों को बधाई दी और संकाय सदस्यों तथा छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार तथा कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रो. राज कुमार ने कुलपति को विद्यार्थियों के विभिन्न उपलब्धियों से भी अवगत करवाया। इस प्रोजेक्ट में विद्यार्थियों के मार्गदर्शक रहे मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ० निखिल देव ने बताया कि टीम इवेंट में अपने अवसरों को लेकर बेहद सकारात्मक है। प्रतियोगिता में देशभर से सभी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों तथा इंजीनियरिंग संस्थानों की टीमें हिस्सा लेंगी तथा यह टीम के लिए काफी चुनौतिपूर्ण रहेगा।

उन्होंने बताया कि नया एवीटी वाहन में हल्का इंजन तथा कस्टमाइज गियर बॉक्स लगा है। वाहन का वजन लगभग 148 किलोग्राम है तथा वाहन को इस तरह से तैयार किया गया है कि इसके चारों पहिये वाहन को गति प्रदान करते है। हालांकि वाहन में परिस्थिति के अनुसार टू-व्हील ड्राइव सिस्टम का विकल्प भी है, जिससे वाहन द्वारा केवल दो पहियों को गति मिलेगी।

इसके साथ-साथ वाहन 45 डिग्री की खड़ी चढ़ाई व सीढियों पर चढने में भी सक्षम है और लगभग तीन से पांच फुट की ऊंचाई से सीधा नीचे मैदान पर आसानी से आ सकता है। जिससे वाहन या चालक को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचती।

**NEWS CLIPPING:02.04.2022**

# HUMAN INDIA

# परीक्षा पर चर्चा विद्यार्थियों द्वारा सराहा

**ह्यूमन इंडिया/विनोद कुमार**

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा को आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीएए फरीदाबाद में विद्यार्थियों द्वारा काफी सराहा गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षाओं से पूर्व विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने के लिए प्रेरित करना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज परीक्षा पर चर्चानामक एक विशेष संवाद सत्र के माध्यम से कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए इस कार्यक्रम के प्रसारण को देखने के लिए विशेष रूप से व्यवस्था की गई थी। विद्यार्थियों ने परीक्षाओं के दौरान तनावमुक्त रहने को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये वक्तव्य को न केवल सुना बल्कि काफी प्रशंसा भी की। उन्होंने विद्यार्थियों से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता लाने तथा उपयोगी संदेश देने पर प्रधानमंत्री का आभार भी जताया।